# परियोजना प्रबन्धन इकाई
## स्वजल निदेशालय

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, उत्तराखण्ड
67/4–1, प्रीतम रोड, निकट राजकीय गांधी शताब्दी नेत्र चिकित्सालय, डालनवाला, देहरादून–248001

फोन : 0135- 2653380
वैब साईट: http://swajal.uk.gov.in
ई मेल : pmu_uttaranchal@rediffmail.com


विज्ञापन संख्या–346 /P-2(XIII)/2020-22, 03 जुलाई, 2022

## प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति

उत्तराखण्ड राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधीन स्वजल निदेशालय (पी0एम0यू0) के लिए वर्तमान में रिक्त तथा भविष्य में रिक्त होने वाले प्रबन्धक (लेखा), कैशियर/लेखाकार एवं लेखाकार के पदों को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरे जाने हेतु एक सूची (Empanelment) तैयार करने एवं तदनुसार योजित किये जाने हेतु राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार/विभिन्न विभागों के उपक्रम/संस्थानों में कार्यरत इच्छुक अनुभवी अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र निम्न वर्णित पात्रता के अनुसार सम्बन्धित अभ्यर्थी को **साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किये जाने की दशा में मूल अभिलेखों के साथ सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसके बिना साक्षात्कार में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। दिनांक 30 अगस्त, 2022** तक स्वयं, ई–मेल अथवा डाक द्वारा निदेशक, पी0एम0यू0–स्वजल, देहरादून को सम्बोधित करते हुये उपरोक्त पते पर आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्रम सं0 | पदनाम | वेतनमान (रूपये) | रिक्त पदों की संख्या | पात्रता |
|---|---|---|---|---|
| 4. | प्रबन्धक (लेखा) | 7450–11500 (अपुनरीक्षित) 9300–34800 (पुनरीक्षित) (ग्रेड पे0 4800) | 02 | 1. स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के उपयुक्त वाणिज्य स्नातक अनुभवी लेखाकार अथवा वाणिज्य स्नातक के साथ कम से कम 07 वर्ष सहायक लेखाकर के पद के अनुभवी कर्मचारी।<br>2. इससे उच्च वेतनमान पा रहें वाणिज्य स्नातक अनुभवी लेखाकारों को उनके मूल विभाग में देय वेतन को संरक्षित किया जायेगा। |
| 5. | कैशियर/लेखाकार | 5500–9000 (अपुनरीक्षित) | 01 | 1. स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के पर्याप्त अनुभवी कार्मिक।<br>2. इससे उच्च वेतनमान पा रहें वाणिज्य स्नातक अनुभवी लेखाकारों को उनके मूल विभाग में देय वेतन को संरक्षित किया जायेगा। |

यदि किसी अभ्यर्थी को इस कार्यालय द्वारा प्रतिनियुक्ति पर लिये जाने सम्बन्धी पत्र निर्गत करने के उपरान्त एक माह की अवधि तक उनके विभागाध्यक्ष द्वारा उन्हें कार्यमुक्त नहीं किया जाता है, तो उनका अभ्यर्थन स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।

**आवेदन पत्र निम्न प्रारूप में (ए–4 पेपर पर टंकित कर) प्रेषित किया जायेगा–**

1.) आवेदित पद का नाम, 2) अभ्यर्थी का नाम, 3) जन्म तिथि, 4) शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव, 5) पैतृक विभाग का नाम एवं पत्राचार हेतु पता, 6) कार्यालय का नाम एवं पत्राचार हेतु पता जहां वर्तमान में कार्यरत हैं, 7) वर्तमान में धारित पद का नाम, 8) वर्तमान वेतनमान एवं उसमें नियुक्ति की तिथि, 9) फोन, फैक्स नम्बर (कार्यालय एवं स्वयं), 10) ई–मेल का पता, उक्त प्रारूप स्वजल परियोजना की बेबसाईट http://swajal.uk.gov.in पर भी उपलब्ध है।)

उपरोक्त आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी के पांच वर्षों की चरित्र प्रविष्टियों की प्रमाणित प्रतियां भी भेजी जानी आवश्यक है, साथ ही यह भी प्रमाण पत्र संलग्न कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा कि कार्यमुक्त अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कोई अनुशासनिक एवं विभागीय जांच लम्बित नहीं है और ना ही पूर्व में उन्हें कभी दण्डित किया गया है, ऐसे सभी अभ्यर्थी जिनकी पात्रता उनके सम्मुख पदनाम के अनुसार संतोषजनक पायी जायेगी, उन्ही अभ्यर्थियों के अभ्यर्थन पर विचार किया जायेगा।

उक्त विज्ञापन स्वजल परियोजना की वैबसाईट http://swajal.uk.gov.in पर देखा जा सकता है।

निदेशक, स्वजल

# आवेदन पत्र का प्रारूप

| |
|---|
| पासपोर्ट साईज फोटो स्वप्रमाणित |

1. आवेदित पद का नाम :

2. अभ्यर्थी का नाम। :

3. जन्म तिथि। :

4. शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव। :

5. पैतृक विभाग का नाम एवं पत्राचार हेतु पता। :

6. कार्यालय का नाम एवं पत्राचार हेतु पता जहां वर्तमान में कार्यरत हैं। :

7. वर्तमान में धारित पद का नाम। :

8. वर्तमान वेतनमान एवं उसमें नियुक्ति की तिथि। :

9. फोन, फैक्स नम्बर (कार्यालय एवं स्वयं)। :

10. ई–मेल का पता। :

11. सलंग्नकों की संख्या। :

हस्ताक्षर.............................................

नाम..................................................

पदनाम ..............................................

मोबाईल न0..........................................